प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 27.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने का दिया निर्देश, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं पंचायतों को सशक्त बनाने पर दिया जोर।
2. झारखंड मंत्रालय में आज हुई कैबिनेट की बैठक में राज्यहित से जुड़े 39 प्रस्तावों को दी गई मंजूरी।
3. केंद्र सरकार ने सार्थक–पीडीएस को जारी रखने की दी मंजूरी, 25 हजार 530 करोड़ रुपये का किया आवंटन।
4. सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता होने की दी जानकारी, ईंधन के अनावश्यक भंडारण या खरीदारी न करने की दी सलाह।

और

5. राजधानी रांची समेत राज्य के 20 जिलों में कल बारिश, तेज आंधी और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और पंचायतों को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों और सखी मंडलों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने एसएचजी महिलाओं को बाजार, प्रशिक्षण और बैंक लिंकेज उपलब्ध कराने तथा पलाश मार्ट जैसे बिक्री केंद्रों के विस्तार की कार्ययोजना बनाने का भी निर्देश दिया। साथ ही बैठक में मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, लिफ्ट इरीगेशन, वाटर मैनेजमेंट और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

****

झारखंड मंत्रालय में आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग समेत कई विभागों के 39 प्रस्तावों को दी गई मंजूरी। राज्य की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बैठक की जानकारी दी।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने मतदाता सत्यापन पुष्टि पर्ची से संबंधित दिशानिर्देशों में बदलाव की मांग वाली याचिका पर कहा है कि इस बारे में निर्णय लेने का अधिकार निर्वाचन आयोग का है। न्यायालय ने कहा कि यह तकनीकी मामला है और निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। याचिका में कहा गया था कि इन पर्चियों पर समय अंकित करने से पारदर्शिता, सत्यापन और ऑडिट प्रक्रिया में सुधार होगा।

****

भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज मधुबन में गिरिडीह ग्रामीण और कोडरमा जिले के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में विशेष

मतदाता पुनरीक्षण कोई पहली बार नहीं हो रहा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि विपक्ष को राष्ट्रीय हित के मामले में विरोध नहीं करना चाहिए।

****

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट यूजी–2026 पेपर लीक मामले में आज तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें महाराष्ट्र के लातूर से एक डॉक्टर और पुणे से दो शिक्षकों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि जांच एजेंसी ने इस मामले में अब तक 49 स्थानों पर छापेमारी कर कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लेपटॉप और मोबाइल फोन बरामद किये हैं।

****

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन, परिवहन और प्रबंधन सहायता योजना, सार्थक–पीडीएस को जारी रखने की मंजूरी दे दी। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 25 हजार 530 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना राज्य एजेंसियों को अंतरराज्यीय खाद्यान्न परिवहन में सहायता प्रदान करेगी।

****

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने झारखंड में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता होने की जानकारी दी है। कंपनियों ने कहा कि राज्य के सभी पेट्रोल पंपों, डिपो, बॉटलिंग प्लांट और एलपीजी वितरक केंद्रों पर ईंधन आपूर्ति सामान्य और निर्बाध रूप से जारी है। तेल कंपनियों ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में ईंधन का अनावश्यक भंडारण या खरीदारी न करें।

****

गुमला जिला के कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि जनजातियों के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रहा हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जिले के निवासी लाभान्वित हो रहे हैं।

****

खूंटी जिले के सायको थाना क्षेत्र में आयोजित छऊ नृत्य मेला के दौरान हुई डबल मर्डर मामले का पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खूंटी के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि डॉग स्क्वायड और एफएसएल की मदद से पुलिस ने सबूत जुटाते हुए आरोपियों को सायको थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के 20 जिलों में कल बारिश, तेज आंधी और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना को लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार कई इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा में बारिश की संभावना कम है। मौसम विभाग ने दो जून तक राज्य में मौसम के अस्थिर बने रहने और कई जिलों में गर्जन, वज्रपात तथा तेज हवा चलने की आशंका जताई है।

*********समाप्त*********